एक नजर में

कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

बड़वानी। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और जिले के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर जयति सिंह ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों और विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि गंभीर मरीजों को जल्द से जल्द उपचार मिलना शुरू हो सके। कलेक्टर सिंह ने ओपीडी और पंजीयन केंद्र का निरीक्षण कर दैनिक ओपीडी की स्थिति एवं पंजीयन रजिस्टर की जांच करते हुए प्रविष्टियों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को त्वरित बनाया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। नि:शुल्क दवा केंद्र पर दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि शासन की मंशानुसार प्रत्येक पात्र मरीज को अस्पताल से ही नि:शुल्क दवाएं प्राप्त हो। ड्रेसिंग रूम में आवश्यक साफ-सफाई एवं बायो वेस्ट मैनेजमेंट के निर्देश दिए। ड्रेसिंग रूम का निरीक्षण कर स्तरीय साफ-सफाई बनाए रखने एवं बायो-वेस्ट मैनेजमेंट के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाल चिकित्सा वार्ड और मेल वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों से चर्चा कर उन्हें मिल रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वार्डों में साफ-सफाई, गर्मी के दिनों में कूलर एवं सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को संवेदनशीलता के साथ बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़करण के निर्देश दिए। पूर्व निर्देशों के बाद भी सुधार न होने पर कलेक्टर ने एनएचएम इंजीनियर के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

बड़वानी। जनपद पंचायत अध्यक्ष भूंटीबाई पप्पु पटेल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत बड़वानी के सभागृह में किया जाएगा। जनपद पंचायत के सीईओ से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में विभागीय निर्माण कार्यों, 5वां एवं 15वां वित्त आयोग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

पेटलावद में बढ़ता अतिक्रमण नगर परिषद की उदासीनता पर प्रश्न

पेटलावद। नगर में इन दिनों अतिक्रमण की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है और शहर की व्यवस्था चरमरा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाना, ठेले-गुमठियों का अनियंत्रित रूप से लगना आम बात हो गई है। इससे पैदल चलने वालों आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने नगर परिषद से मांग की है कि नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए और शहर की व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद इस समस्या को लेकर कब जागती है और आम जनता को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

कलेक्टर ने स्व-गणना पोर्टल पर भरा अपना जनगणना फॉर्म

आलीराजपुर। कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रमुख नीतू माथुर ने स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपना फॉर्म भरकर अन्य नागरिकों को प्रेरित किया। साथ ही जिले के नागरिकों को डिजिटल माध्यम से जनगणना प्रक्रिया में भागीदारी हेतु अपील की करते हुए कहा कि सभी को विदित हो कि 1 मई से 30 मई तक जनगणना का कार्य प्रारंभ हो रहा है, जिसमें प्रगणक आपके घर आकर जनगणना की जानकारी लगे। किंतु उससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व गणना का कार्य किया जा रहा है जिसका लाभ उठाते हुए स्वयं जनगणना पोर्टल पर अपनी गणना करना सुनिश्चित करे। यह जानकारी पूर्णत: गोपनीय होगी। कलेक्टर नीतू माथुर ने जिलेवासियों से कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर बैठे आसानी से स्व-गणना सुविधा का लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना पोर्टल पर जाकर कुछ ही मिनटों में परिवार की संपूर्ण जानकारी दर्ज की जा सकती है, जिससे गणना प्रक्रिया तीव्र, सटीक एवं सुगम होगी तथा यह जानकारी पूर्णत: गोपनीय रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि स्व-गणना करने वाले परिवारों के यहां जनगणना प्रगणक केवल डेटा सत्यापन हेतु आएंगे। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वयं भी स्व-गणना करें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्व गणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं की गणना की गई।

बहन का त्याग बना भाई का जीवनदान



सेंधवा, रमन बोरखड़े। भाई-बहन के रिश्ते को अक्सर प्रेम और विश्वास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन सेंधवा की एक घटना ने इस रिश्ते को त्याग और समर्पण की नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। शहर निवासी नेहा मनीष अग्रवाल (47) ने अपने भाई सुशील कुमार मंगीलाल अग्रवाल (55) को जीवनदान देने के लिए अपने लीवर का एक हिस्सा दान किया।

18 अप्रैल को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में यह जटिल लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के नेतृत्व में करीब 12 घंटे तक चली इस सर्जरी में डोनर प्रक्रिया लगभग 7 घंटे तक चली। आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञों की निगरानी में यह ऑपरेशन पूरा हुआ, जिसने एक गंभीर मरीज को नई जिंदगी दी।

इस पूरे निर्णय के दौरान नेहा के पति मनीष अग्रवाल 52 का सहयोग बेहद अहम रहा। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच लिया गया यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन पति के समर्थन ने नेहा के साहस को मजबूती दी। परिवार के चारों बच्चे शुभदा 20, अनुश्री 15, रिद्धि 12 और निकुंज 9 भी इस कठिन समय में पूरी तरह साथ खड़े रहे।

सुशील अग्रवाल, जो मूल रूप से भिकनगांव के निवासी हैं और वर्तमान में इंदौर के शिव मोती नगर, नवलखा में रह रहे हैं। उनके परिवार में पत्नी अनीता 48, बेटी पलक 25 और बेटा अक्षत 23 शामिल हैं। गंभीर स्वास्थ्य स्थिति में पहुंचे सुशील के लिए यह ट्रांसप्लांट जीवनरक्षक साबित हुआ।

कठिन परिस्थितियों में भी सबसे बड़ी होती है रिश्तों की ताकत

यह घटना केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि पारिवारिक एकजुटता, विश्वास और निस्वार्थ प्रेम की जीवंत मिसाल है। एक बहन का अपने भाई के लिए लिया गया यह साहसिक निर्णय और उसमें परिवार का अटूट साथ, यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी रिश्तों की ताकत सबसे बड़ी होती है।

ओवरलोड वाहनों पर पुलिस ने की कार्रवाई

बड़वानी, (नवभारत)। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए दिए गए निर्देशों के पालन में थाना यातायात एवं आरटीओ द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

अभियान अंतर्गत 22 अप्रैल को पाटी नाका, योगमाया मंदिर एवं जयपुरिया स्कूल के पास क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान ओवरलोड पिकअप वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया।

निरंतर जारी रहेगी ऐसी कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान 18 प्रकरणों में चालान तैयार किए गए। इसमें न्यायालय द्वारा 63200 रूपए समन शुल्क अधिरोपित किया गया। उक्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

सीबीएसई परीक्षा का परिणाम रहा बेहतर

पानसेमल, (नवभारत)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें शासकीय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

संस्था प्राचार्य संतोष पवार ने जानकारी दी कि संस्था में अध्ययनरत 26 छात्राएं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित रही एवं सभी छात्राएं उत्तीर्ण रही। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान पर सुरमिला करमसिंग बारिया 76 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अनिता विनोद मुजाल्दे 69.40 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर रही किरण विजय बरडे ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य संतोष पवार सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ट्रेलर में घुसा ट्रक, दोनों ड्राइवरों की मौत

▶ मुंबई-आगरा हाईवे पर डबल पुलिया के पास दर्दनाक हादसा

सेंधवा, (नवभारत)। मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसा। हादसा दोपहर करीब 2 बजे बिजासन घाट के ब्लैक स्पॉट डबल पुलिया के बीच हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और दोनों चालक केबिन में फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चालकों को बाहर निकाला गया।

एक चालक की मौके पर ही मौत

इस दुर्घटना में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने सिविल अस्पताल में ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान चालक अब्दुल पिता हबीब अंसारी और सहचालक जगन्नाथ पिता मगनजी दांगी निवासी लाहौरिया तह सुसनेर जिला शाजापुर के रूप में हुई है।

मर्ग कायम कर शुरू की जांच

पुलिस के अनुसार ट्रेलर (टीएन 88 एम 1053) घाट उतर रहा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रक (एमपी 09 एचएच 8867) ने टक्कर मार दी। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू किया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

नि:शुल्क जांच शिविर लगेगा कल

बड़वानी। लायंस क्लब बड़वानी सिटी और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में 24 अप्रैल को जिला अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस के माध्यम से इंदौर भेजा जाएगा। मरीज अपना आधार कार्ड साथ में लेकर आए। जया शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, हेमंत अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता, आरके गुप्ता, जिग्नेश पटेल ने अधिक से अधिक लोगों को नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। क्लब सदस्यों ने बताया कि शिविर वाले दिन लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

आप युगों - युगों तक करें धर्म प्रभावना, श्रीसंघ की यही भावना

अक्षय तृतीया पर दीक्षित चारित्र आत्माओं का प्रसंग समायिक दिवस के रूप में मनाया

थांदला। अक्षय तृतीया का दिन जिन शासन में धर्म के प्रारंभिक तत्व अहिंसा - संयम - तप के समावेश का दिन है। आज के दिन ही अनेक चारित्र आत्माओं ने समस्त हिंसा आदि सावद्य क्रियाओं का त्याग कर पूर्ण अहिंसा दयामय धर्म को अपनाते हुए संयम को धारण कर मोक्ष मार्ग की उपासना प्रारंभ की। पूज्य श्री धर्मदासगण में वादी मान मर्दन जैनाचार्य पूज्य श्री माधवमुनिजी, पूज्य नन्दलालजी, पूज्य श्री ताराचंदजी सहित अनेक आत्मा संसार का त्याग कर संयम की ओर अग्रसर हुई। इस सम्प्रदाय के अंतिम आचार्य पूज्य श्री उमेशमुनिजी अणु के अंतेवासी शिष्य पूज्य श्री गिरीशमुनिजी ने जहां 15 वर्ष की संयम यात्रा की है वही थांदला विराजित सरलमना महासती पूज्या श्री निखिलशीलाजी ने संयम के 32 वर्ष पूर्ण कर लिए है।

वर्षितप आराधकों को आलोचना विधि करवाई -धर्म के प्रमुख बिंदु सुपात्र दान की महिमा जग विख्यात है आज के दिन ही श्रेयांस कुमार ने इक्षुरस से प्रथम तीर्थंकर को प्रथम आहार दान देकर उनके अंतराय कर्म पर पूर्ण विराम लगाकर स्व-पर का कल्याण किया। आज उनके प्रतिक रूप में देशभर में हजारों की संख्या में वर्षितप हो रहे है जिसमें पूज्य श्री धर्मदास गण प्रवर्तक बुद्धपुत्र पूज्य श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा में थांदला के भरत भंसाली, पवन नाहर, अशोक मोदी, सूरजमल श्रीमाल, आशा श्रीमाल, मंजू श्रीमाल, प्रवीणा सेठिया, कविता बोथरा, स्नेहलता मोदी, विनोद श्रीश्रीमाल आदि सहित महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान व मध्यप्रदेश आदि विभिन्न राज्यों के 250 आराधकों ने उज्जैन में व शेष दीपक चौधरी, सपना व्होरा आदि के साथ वर्तमान में चल रहे करीब 100 वर्षितप आराधकों को पूज्य महासतीजी ने आलोचना विधि सम्पन्न करवाते हुए उचित प्रायश्चित दिया। कहा भी है धर्म वही उत्कृष्ट मंगल है जो अहिंसा-संयम-तप रूप हो उन्हें देवता भी नमस्कार करते है यही जिन शासन है। ऐसे में हम सभी तप व संयमी श्रावक श्राविकाओं द्वारा कठोर साधना कर विपुल कर्मों की निर्जरा की गई। उन सबके अनुमोदन में संघ में सामायिक के साथ महामंत्र नवकार के जाप भी सम्पन्न हुए। सभा का संचालन सचिव हितेश शाहजी ने किया जानकरी पवन नाहर ने दी व आभार ललित जैन नवयुवक मंडल अध्यक्ष प्रांजल लो?ा व सचिव प्रांजल भंसाली ने माना।

पंचेश्वर त्रिवेणी संगम घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत साफ-सफाई

आलीराजपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण अंतर्गत आज प्रात: पंचेश्वर त्रिवेणी संगम घाट पर जल स्त्रोत सेवा समागम के तहत नदी अनुभूति, जल स्त्रोत पूजन, वृक्ष पूजन एवं श्रमदान आधारित स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघमित्रा गौतम के मुख्य आतिथ्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मामून खान, जिला जनसंपर्क अधिकारी निशा सोलंकी तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर जैन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शुरुआत नदी अनुभूति गतिविधि के अंतर्गत योग एवं ध्यान सत्र से हुई। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने नदी पूजन एवं आरती कर जल स्त्रोत संरक्षण का संकल्प लिया तथा सामूहिक श्रमदान करते हुए घाट परिसर की साफ-सफाई की। साथ ही पंचेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित पीपल वृक्ष का पूजन कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

पैक्स सदस्यता महाअभियान में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

▶ चांदपुर में लगे शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

आलीराजपुर। सहकारिता विभाग, राज्य शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत पैक्स सहकारी संस्थाओं में 10 लाख से अधिक नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में जिले में 14 अप्रैल 2026 से सघन पैक्स सदस्यता महाअभियान प्रारंभ किया गया है, जो 15 मई तक संचालित रहेगा।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले की सभी 26 बी-पैक्स संस्थाओं में बैनर, पम्पलेट एवं कृषि विभाग के सहयोग से विशेष शिविरों के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त सहकारिता द्वारा 8 हजार नवीन सदस्यों के लक्ष्य की पूर्ति हेतु विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी बैंक की 7 शाखाओं के क्षेत्रों में लगाई गई है। इसी क्रम में 22 अप्रैल को विकासखंड कट्ठीवाड़ा के बी-पैक्स सहकारी संस्था मर्यादित चांदपुर में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 80 से 100 किसान उपस्थित रहे। शिविर में कृषि विभाग द्वारा ई-टोकन एवं फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी दी गई।

11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन बुलवाए

आलीराजपुर। शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, जोबट (खारी), जिला आलीराजपुर (म.प्र.) में 11वीं में प्रवेश हेतु केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित है। विद्यालय में उपलब्ध रिक्त सीटों पर कला (आर्ट्स), वाणिज्य (कॉमर्स) एवं विज्ञान (साइंस) संकाय में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम (मेरिट) के आधार पर पूर्णत: सुनिश्चित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धार

LiFE Lifestyle For Environment

लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 तथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मैसर्स श्रीनाथजी इंफ्रास्ट्रक्चर, भागीदार श्रीमती ममता मालपानी, भोरूडू डोलोमाइट माइन, माइनिंग ऑफ मिनरल्स, खसरा नं. 248, 250, 251, 255 ग्राम भोरूडू तहसील एवं जिला अलीराजपुर, क्षेत्रफल 6.79 हेक्टेयर माइनिंग ऑफ मिनरल उत्खनन क्षमता 50,886 घन मीटर/वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर अलीराजपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, अलीराजपुर (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अलीराजपुर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम भोरूडू, तहसील एवं जिला अलीराजपुर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राज्य उद्योग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल (7) क्षेत्रीय कार्यालय, धार म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्कीम नं. 78/सी, पार्ट 2, अरण्य, विजयनगर, इन्दौर (म.प्र.) में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, धार म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्कीम नं. 78/सी, पार्ट 2, अरण्य, विजयनगर, इन्दौर के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है।

इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 04/06/2026 दिन बुधवार को समय 11:00 बजे परियोजना स्थल पर आयोजित की जायेगी जिसमें भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी
धार